हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 1 जुलाई 2025

06 41 सेवानिवृत्त सेवकों को सेवानिवृत्ति के साथ...


09 12 और 18 एमएम सरिए का खेल! ठेकेदार की...




## बिजली कंपनी की मनमानियों के आगे बेबस हुई शहर की जनता, फूट रहा गुस्सा

# स्मार्ट मीटर की स्मार्टनेस: मीटर के जलने के बाद भी बिजली सप्लाई जारी

### उपभोक्ता बोले, बिजली सप्लाई बंद होने के बाद भी एक घंटे तक चालू रहता है स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में जनप्रतिनिधियों का मौन रहना और बिजली कंपनी की मनमानियों के आगे बिजली उपभोक्ता बेबस हो गए हैं। विरोध के बावजूद घरों में सही सलामत बिजली मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली उपभोक्ताओं का आरोप है कि यह स्मार्ट मीटर सीधा-सीधा जनता के साथ धोखा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जब बिजली सप्लाई बंद की जाती है, तब भी करीब एक घंटे तक यह स्मार्ट मीटर चालू रहते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ये तथाकथित 'स्मार्ट' मीटर सिर्फ उनकी जेब काटने का नया जरिया बन रहे हैं। एक उपभोक्ता ने बताया कि उनके घर के स्मार्ट मीटर जल गया है, बावजूद घर में बिजली सप्लाई जारी है।

उपभोक्ता सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कंपनी उनके सही-सलामत पुराने मीटरों को बदलकर इन नए स्मार्ट मीटरों को क्यों थोप रही है। क्या यह सरकारी पैसे की खुली बर्बादी नहीं है। जनता का स्पष्ट कहना है कि यदि उनके पुराने मीटर खराब थे तो कंपनी को लिखित में इसकी जानकारी देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, जिससे इन नए मीटरों की जरूरत पर ही सवाल खड़े हो गए हैं।

### लोग बोले, गाढ़ी कमाई पर डाका

सबसे गंभीर आरोप यह है कि ये स्मार्ट मीटर बिजली आपूर्ति बंद होने के एक घंटे बाद तक भी चालू रहते हैं और अनावश्यक रूप से बिजली की रीडिंग बढ़ाते रहते हैं। यह उपभोक्ताओं के साथ सीधा धोखा और उनकी गाढ़ी कमाई पर डाका डालने जैसा है। सीहोर की जनता का मानना है कि ये मीटर केवल उनकी जेब पर भारी पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ कई गुना बढ़ गया है। इन मीटरों की विश्वसनीयता पूरी तरह संदेह के घेरे में है और इन्हें लगाना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है।




### मेंटेनेंस के नाम पर लूट और अघोषित कटौती का खेल

स्मार्ट मीटरों की मनमानी के साथ-साथ विद्युत वितरण कंपनी की अघोषित बिजली कटौती ने भी जनता का चैन छीन लिया है। कंपनी द्वारा मॉनसून मेंटेनेंस के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। जब कंपनी साल में दो बार मेंटेनेंस करती है तो फिर दिन-रात होने वाली बिजली कटौती किस बात का संकेत है। यह कंपनी के गैर जिम्मेदाराना रवैये और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### दो महीने पहले लगे मीटर, जले

बता दें उपभोक्ता लक्ष्मण भगवती परसैया व आयुदी बाई के यहां करीब दो महीने पहले ही मीटर लगे थे, जो जल गए। संवाददाता से बात करते हुए उपभोक्ता लक्ष्मण भगवती परसैया ने बताया कि बिजली उपभोक्ता ने बताया कि घर के पास लगी डीपी में गिलहरी टकराने से फाल्ट हुआ था, कुछ मिनटों बाद ही मेरे मीटर में आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह जल गया। बिजली कंपनी के अधिकारी श्री यादव जी को फोन लगाकर जानकारी दी, जिस पर कर्मचारी आए और वास्तविकता देखकर गए। बाद में बिजली अधिकारी ने कहा कि यदि मीटर जला है तो यह उपभोक्ता की ही जिम्मेदार है। हैरत की बात तो यह हैकि स्मार्ट मीटर के जल जाने के बाद भी घर में बिजली सप्लाई जारी है।



### अब नहीं सहेगा सीहोर!

सीहोर के विभिन्न राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन कई बार इन मुद्दों को उठा चुके हैं, लेकिन विद्युत वितरण कंपनी अपनी तानाशाही और मनमानी छोडऩे को तैयार नहीं है। जनता का आक्रोश अब चरम पर है और यह ज्वालामुखी कभी भी फूट सकता है। यदि जिला प्रशासन ने जल्द ही विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ कोई ठोस और सख्त कार्रवाई नहीं की तो सीहोर की आम जनता सडक़ों पर उतरकर विशाल जन आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टरों का सम्मान और रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**सीहोर।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में सीहोर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर रक्तदान के साथ शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान किया जाएगा। मंगलवार डॉक्टर्स डे है और डॉक्टरों के सम्मान के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्रवासी सहित अन्य बड़ी संख्या में रक्तदान करेंगे। इसका उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और जीवन रक्षक रक्त दान को प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नव नियुक्त रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया की हाल के दिनों में रोटरी क्लब का पदाभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें आगामी सेवा कार्यक्रमों की गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि एक जुलाई को शहर के तहसील चौराहे स्थित कार्यालय में सुबह दस बजे से रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। इस मौके पर क्लब के सदस्यों और पदाधिकारियों के अलाव क्षेत्रवासी इस भव्य शिविर के दौरान डॉक्टरों का सम्मान भी किया जाएगा।

### जिले में अब तक 21.4 एमएम बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 21.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 13.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 15, आष्टा में 8, जावर में 6.3, इछावर में 18, भैरूंदा में 15, बुधनी में 56.5, रेहटी में 39.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 30 जून को प्रातः 8 बजे तक 190.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 138.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 30 जून 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 141.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 134.2, आष्टा में 157, जावर में 84, इछावर में 191.3, भैरूंदा में 236, बुधनी में 311 तथा रेहटी में 267.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## जांच कमेटी ने लिए लिखित में दोनों पक्षों के बयान, अब जिला शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे प्रतिवेदन




**बुधनी।** शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा को परीक्षा से वंचित किए जाने वाले मामले में सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर बीईओ द्वारा गठित की गई समिति ने स्कूल पहुंचकर लिखित रूप में बयान लिए गए हैं वहीं पीड़ित पक्ष के बयान बीईओ कार्यालय में लिए गए,अब उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।उल्लेखनीय है कि ग्राम जोशीपुर निवासी छात्रा देवशिखा चौधरी को दसवीं कक्षा में आई एक विषय की पूरक परीक्षा से वंचित कर दिया गया था इस मामले को लेकर छात्र के पिता नरेंद्र चौधरी ने उच्च अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर मामले से अवगत कराया और न्याय की गुहार लगाई थी मिडिया की दखलंदाजी के बाद इसे लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि सिंह ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया सोमवार को शशि सिंह स्वयं जांच समिति के साथ शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल पहुंचीं और मामले की जांच की इस मामले में लिखित रूप से बयान लिए गए हैं वहीं पीड़ित पक्ष को भी स्कूल बुलाया गया था लेकिन उन्होंने पूर्व में ही स्कूल जाने से मना कर दिया था पीड़ित पक्ष का कहना था कि स्कूल में पहले ही उनका बहुत ज्यादा अपमान हो चुका है इसलिए वह स्कूल नहीं आएंगे इस पर बीईओ शशि सिंह ने उनके कार्यालय में बच्ची उसके पिता और मां को बुलाकर पूछताछ की और लिखित में बयान लिए पीड़ित नरेंद्र चौधरी ने बताया कि कार्यालय में हमसे लिखित रूप में बयान लिए हैं उन्होंने कहा है कि इसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा इसके बाद ही कोई निर्णय होगा बीईओ शशि सिंह ने कहा कि हमने स्कूल जाकर पूछताछ की है और लिखित रूप में बयान लिए हैं वही पीड़ित के बयान भी लिखित रूप में लिए गए हैं उन्होंने यह भी स्वीकार किया की फीस नहीं देना एक अलग विषय था उसके लिए स्कूल द्वारा लिखित रूप में ले लिया था लेकिन पूरक परीक्षा से वंचित किया जाना शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है उन्होंने बताया कि बच्ची को एक बार और परीक्षा का मौका दिया जा सकता है हालांकि अभी प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकता है।

## ग्रामवासी एक जुट होकर गांव को विशेष श्रेणी में लेकर आएं: विधायक सुदेश राय

**सीहोर।** जल संरचनाओं को संरक्षित कर हम पानी का भंडारण ग्रामस्तर पर कर सकते है जल गंगा संवर्धन अभियान में जलाशय नदियों तालाबों के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अशासकीय जलदूतों का सम्मान कर हम गौरांवित हो रहे है। सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय सभागृह में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने उक्त बात कहीं। उन्होने कहा कि गांवों के संपूर्ण विकास के लिए केंद्र सरकार ने प्रतिगांव एक करोड़ रूपये अनुदान की योजना बनाई है लेकिन इस योजना का लाभ उठाने के लिए सचिवों सरपंचों पंचों और ग्रामवासियों को एक जुट होकर गांव को उस विशेष श्रेणी में लाना जरूरी है उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गांवों में सड़कों के लिए करोड़ों रूपये भेज रहे है ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण भी हो रहा है सासंद और विधायक निधि से भी अनेक जनहितैशी कार्य हो रहे है। जनपद कार्यालय परिसर में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समापन और सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान खंडवा जिले से लाइव जुड़कर जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विस्तृत मार्गदर्शन को सुना गया। मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय कलेक्टर बालागुरू के, जिला पंचायतमुख्य कार्यपालन अधिकारी नेहा जैन, जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र मेवाड़ा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यकम के दौरान विधायक सुदेश राय कलेक्टर



बालागुरू के ने जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले,जनपद पंचायत सीहोर रामवृष्ठण मीना शिवराज सिंह ग्राम के सचिव सतपिपलिया,के. के. श्रीवास्तव उपयंत्री,आष्टा जनपद पंचायत के मनोहर मेवाड़ा ग्राम रोजगार सहायक मेहतवाड़ा आष्टा,लखन सिहं ठाकुर सचिव ग्राम पंचायत मेहतवाडा,,उमेश शमा्र्र, उपयंत्री जनपद पंचायत आष्टा,कुलदीप उपाध्याय उपयंत्री जनपद पंचायत आष्टा, जनपद पंचायत इछावर राकेश कुमार बकोरिया ग्राम रोजगार सहायक, हरिकिशन मेवाडा सचिव, उपयंत्री प्रियंका बघेल, जनपद पंचायत बुदनी हरिश यादव ग्राम रोजगार सहायक, श्रीसत्रमऊ अभिनाश चौहान सचिव, अतुल मिश्रा उपयंत्री,जनपद पंचायत भेररून्दा, राजेश हरियाले ग्राम रोजगार सहायक लाडकुंई विष्णु हरिव्यासी सचिव, उपयंत्री राकेश कुशवाह उपयंत्री को सम्मानित किया गया।

### जीतू पटवारी पर फर्जी एफआईआर की राजीव गुजराती ने की निंदा

**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता और सहप्रभारी दिनेश मेघानी के विशेष आतिथ्य में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें राजीव गुजराती ने कहा कि अशोकनगर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून को दर्ज फर्जी एफआईआर की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह एफआईआर न केवल भाजपा की तानाशाही और विपक्ष को कुचलने की साजिश को उजागर करती है, बल्कि पीड़ितों की आवाज को दबाने और सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की उनकी घिनौनी रणनीति का जीता-जागता सबूत है। भाजपा सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा है। जिसे मध्यप्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, घनश्याम यादव, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चाण्डक, भगत सिंह तोमर, तारा यादव, पंकज शर्मा, कपिल गौर, गजराज परमार, लक्की सक्सेना, अरबाज खान, ओम सोनी मौजूद थे।

### बारिश में करंट से बचने के लिए एडवायजरी जारी

**सीहोर।** मॉनसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्रोत से प्राप्त की जा सकती है या घर पर ही गहरा गढ़डा खोदकर खुद बनाई जा सकती है। बारिश में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गयी है। जारी एडवायजरी में घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था रखें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है, इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। दो पिन वाले बिना अर्थिंग के उपकरणों का प्रयोग न करें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों।

## जीवन में सुख-दुख का आना-जाना बना रहता है: पंडित सुनील पाराशर




**सीहोर।** जीवन में सुख-दुख का आना-जाना बना रहता है। हमें सुख मिलेंगे या या दुख, ये हमारे कर्मों पर ही निर्भर करता है। जाने-अनजाने में किए गए गलत कामों का फल देर ही सही लेकिन दुखों के रूप में जरूर मिलता है। इसलिए ऐसे कामों से बचना चाहिए जो धर्म के अनुसार सही नहीं हैं। इन दिनों गुप्त नवरात्रि के साथ हमारे केन्द्र में 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिससे हम अपने आप में ध्यान और भगवान शिव-माता के नाम का स्मरण करते हुए कार्य करना है। जिससे हमारे जीवन में सात्विकता आएेगी। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम परिवार के तत्वाधान में जारी 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान के पांचवे दिवस पंडित सुनील पाराशर ने कहे।

इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहाकि हमें ऐसे लोगों की संगत से बचना चाहिए जो हमें गलत काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे लोग कभी दुखी नहीं होते हैं जो सज्जनों की संगत में रहते हैं। जो लोग संत-महात्मा के साथ रहते हैं, उनके प्रवचन सुनते हैं और उनकी सीख को जीवन में उतारते हैं, वे कभी निराश नहीं होते हैं। जो व्यक्ति लालची, अहंकारी और क्रोधी नहीं है, उनके साथ रहेंगे तो विचारों में सकारात्मकता बनी रहेगी। जिन्हें अपनाने से हमारी सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं। जीवन पर हमारी संगत का सीधा असर होता है, इसलिए अपनी के संबंध में बहुत सतर्क रहना चाहिए।

**मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता** : जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुप्त नवरात्रि का सोमवार को पांचवा दिवस है। मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कंद जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कंद मातृस्वरूपिणी देवी की चार भुजाएं हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकडा हुआ है। मां का वर्ण पूर्णत शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना की देवी और विद्यावाहिनी दुर्गा देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। स्कंदमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी है। इनकी उपासना करने से साधक अलौकिक तेज की प्राप्ति करता है। यह अलौकिक प्रभामंडल प्रतिक्षण उसके योगक्षेम का निर्वहन करता है। एकाग्रभाव से मन को पवित्र करके मां की स्तुति करने से दुःखों से मुक्ति पाकर मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है।

### कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थाओं में हो शत-प्रतिशत एडमिशन, कोई भी बच्चा न करे ड्रॉपआउट: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक मामलों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम पर 10 जुलाई से आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं कथा की तैयारियों के संबंध सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, भोजनशाला, पंडाल, आगमन, निर्गमन, बिजली व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षाकाल के दौरान सभी अधिकारी सतर्क रहें और अपने अनुभाग एवं जनपदों में सतत संपर्क बनाए रखें। कहीं भी



अतिवर्षा य जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि जिले में जहां बड़ी गौशालाएं बनाई जाना हैं, उनके लिए संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार गौशालाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराएं तथा जहां-जहां गौशालाओं की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है वहां से अतिक्रमण को हटाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल हाईवे तथा रेल परियोजनाओं के लिए भू अर्जन, मुआवजा वितरण, अर्जित भूमि का नामांतरण एवं कब्जा दिलाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, नितिन टाले, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### धरती आबा अभियान की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने धरती आबा अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी विभाग जिले के चिन्हित 80 ग्रामों शिविर लगाकर जनजातीय वर्ग के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान का जिले में गंभीरता से संचालन किया जाए। यह अभियान अभियान सरकार की प्राथमिकता वाला अभियान है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों का विकास और कल्याण करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जुलाई तक चिन्हित ग्रामों में शिविर लगाए जाएं।

**कॉलजों और शैक्षणिक संस्थाओं में शत प्रतिशत हो एडमिशन** : टीएल बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा डिग्री कालेजों में क्षमतानुसार शत प्रतिशत सीटों पर प्रवेश कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों से 10वी एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची प्राप्त कर यह सुनिश्चित करें सभी बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश लें तथा कोई भी बच्चा ड्राप आउट न करें। उन्होंने कहा कि परिवारिक आर्थिक कारणों से ड्रॉप आउट करने वाले बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्सहित किया जाये।

**पेंशन प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण:** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरणो एवं आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेवानिवृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के सभी स्वत्वों एवं पेंशन का भुगतान सेवानिवृत्ति के साथ ही हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय कर्मचारियों के सेवा अभिलेख सेवानिवृत्ति से पहले ही पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण कर जिला पेंशन कार्यालय को भेजें।

**खबर संक्षेप**



## नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिजन को किया सुपुर्द

**भैरुंदा।** 26 जून 2025 को फरियादी ने थाना आकर रिपोर्ट की उसकी नाबालिग बेटा घर से बिना बताए कहीं चला गया था जिसकी जगह तलाश किया कोई जानकारी नहीं मिली। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 365/25 धारा – 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना की गई। सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए नाबालिक बालक को त्वरित दस्तयाब कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत व एसडीओपी महोदय के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरुंदा द्वारा अपृहरता व संदेही की तलाश के लिए टीम गठित की गयी। टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरे की मदद एवं अन्य तकनीकी सहायता प्राप्त कर अपहृता को लाड़कुई से सकुशल दस्तयाब कर परिजन को सुपुर्द किया गया।

### कलेक्टर ने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की

# 41 सेवानिवृत्त सेवकों को सेवानिवृत्ति के साथ ही मिले पीपीओ और पेंशन स्वीकृति आदेश

कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरान्त तुरन्त पेंशन मिल सके इसके लिए टीएल बैठक में लगातार पेंशन प्रकरणों की नियमित विभागवार विस्तार से समीक्षा की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में अनेक विभागों के 41 सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को कलेक्टर बालागुरु के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने फूलमाला पहनाकर, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा पीपीओ और पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किए।

विदाई समारोह में कलेक्टर बालागुरू के. ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी ने अपने सेवा काल में उत्कृष्ट कार्य किया है, जो आपकी कार्यकुशलता को दर्शाता है। सभी सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और सबसे ज्यादा समय कार्यालय या शासकीय कार्यों में बिताते हैं । शासकीय सेवा में आने के बाद सेवानिवृत्ति तक पूरी निष्ठा और लगन से आपने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक अनुभवों का खजाना है। सेवानिवृत्ति के बाद आपके अनुभवों का समाज को लाभ मिलेगा। कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरान्त तुरन्त पेंशन मिल सके इसके लिए टीएल बैठक में लगातार पेंशन प्रकरणों की नियमित विभागवार विस्तार से समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर बालागुरु के द्वारा की जा रही इस समीक्षा का नतीजा यह हुआ कि सेवानिवृत्ति के दिन ही अधिकारी-कर्मचारियों को अपने स्वत्वों के भुगतान तथा पेंशन स्वीकृति के आदेश मिले हैं। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर पिछले कई महीनों से हर एक विभाग के एक-एक पेंशन प्रकरण की विस्तार से समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के हर टीएल मीटिंग में स्वयं गहन समीक्षा कर रहे है।

कई ऐसे अधिकारी कर्मचारी हैं जिन्हें छोटी-छोटी आपत्तियों के चलते पेंशन स्वीकृति में विलंब हो रहा था उनकी नियमित समीक्षा के दौरान इन आपत्तियों का शीघ्र निराकरण किया गया और जिन प्रकरणों में कमियाँ थी उनकी पूर्ति कराई गई। पेंशन प्रकरणों की समीक्षा का परिणाम यह हुआ कि सेवानिवृत्ति के साथ ही 41 शासकीय सेवकों को पेंशन और स्वत्वों का भुगतान प्राप्त हो गया है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### इन्हें मिले पीपीओ और पेंशन स्वीकृति आदेश

टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरु के ने विभिन्न विभागों के 41 अधिकारियों-कर्मचारियों को पीपीओ एवं पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किए हैं।

इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों में कैलाश चंद्र बैरागी, मोतीलाल यादव, कंछेदी लाल यादव, महेश कुमार साहू, देवबगस बडोदिया, राजमल मीणा, सीताराम करमोदिया, कौमा गौर, दिलीप सिंह मेवाडा, गंगाराम ठाकुर, किरण माथुर, रमेश चन्द्र मेहता, रमेश चंद सोलंकी, सलीम जावेद कुरैशी, संतोष कुमार सिंगारिया, वीरेंद्र कुमार जैन, गुलाब सिंह जावरिया, मोहम्मद इकबाल कुरैशी, राजपाल सिंह नाहर, रामगोपाल गौर, रामकिशोर तेलकार, संध्या कसोटिया, मंजूलता कुशवाहा, सुधा वर्मा, बाबूलाल परमार, कमल किशोर पारिक, अखिल खरे, अनिल कुमार बादल, बारेलाल यादव, प्रेमदास बैरागी, सोहनलाल मेहरा, नरेंद्र कुमार जाटव, सूरज तलरेजा, विजय कुमार सक्सेना, विवेक मोधे, जय भान सिंह रघुवंशी, शंभू सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह यादव, हरप्रसाद राठौर, मलूकचन्द्र दायमा शामिल हैं।

**शासकीय सेवकों ने दिया धन्यवाद :** सेवानिवृत्त एवं पीपीओ और पेंशन स्वीकृति के आदेश मिलने पर सेवानिवृत्त हुए रामकिशोर, बाबूलाल, कमल किशोर, बीरेन्द्र कुमार सहित अनेक शासकीय सेवकों ने कलेक्टर बालागुरू के. को धन्यवाद दिया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे सबसे महत्वपूर्ण है कि पीपीओ और पेंशन स्वीकृति आदेश सेवानिवृत्ति के साथ ही मिले हैं।

### जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर का विरोध

## कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भैरूंदा।** कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील मुख्यालय में पहुंचकर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेसियों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को फर्जी बताया गया है और एसडीएम से जल्द से जल्द राज्यपाल को ज्ञापन भेजने की बात कहीं।

कांग्रेस नेता विक्रम के भैरूंदा, गोपालपुर, लाड़कुई सहित तीनो ब्लाक अध्यक्ष नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को फर्जी बताया गया है। राज्यपाल न्यायोचित निर्णय लेकर जल्द हीं एफआईआर निरस्त करने का आदेश प्रदान करें। साथ जिस थाने में मामला दर्ज किया गया।

उस थाना प्रभारी सहित समस्त अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने आरोप लगाते हुए कहा प्रदेश सरकार आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं को फंसा रही है। जीतू पटवारी ऐसे मामलों में लगातार संघर्ष करते रहे हैं। तो वहीं उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर एफआईआर वापस नहीं ली गई तो अभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता शामिल रहे।

## कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही।

## नगर के राजवीर सिंह दरबार का वुडबॉल एशियन कप इंटरनेशनल चैंपियनशिप में चयन




**इछावर।** नगर के व्यवसायी एवं समाजसेवी चंद्रपाल सिंह दरबार के पुत्र राजवीर सिंह दरबार का वुडबॉल एशियन कप इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 के लिए चयन हुआ है। उक्त चैंपियनशिप थाइलैंड में आयोजित होगी जिसमें राजवीर सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्री दरबार के चयन होने पर क्षेत्र के खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है। राजवीर सिंह को उनकी इस उपलब्धि पर कई नेता, समाजसेवी और गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## अशोक राठौर बने राठौर क्षत्रीय समाज अध्यक्ष



**सीहोर।** वर्षों पूर्व राठौर समाज कस्बा सीहोर के परम पूज्य स्व.पुण्य आत्माओं एवं वर्तमान में भी अतिवरिष्ठ स्वरूप में समाज के बीच समाज का सतत सहयोग, मार्गदर्शन कर रहे संस्थापकों द्वारा समाज हितैषी दूर दृष्टी से अधिरोपित राठौर समाज कस्बा सीहोर नामक सामाजिक पौधा आज ऐतिहासिक वट वृक्ष का रूप धारण कर अपनी स्वच्छ, उज्जवल, धवल और गौरवशाली छवि के साथ शान से लहलहा रहा है और सीहोर ही नहीं अपितु विशाल हृदय से क्षेत्रीय समाज (भोपाल, आष्टा एवं पड़ोसी क्षेत्र) के साथ भी समन्वय, सहयोग से समाजोत्थान रूपी पुण्य यज्ञ में समय-समय पर सहभागिता की आहुति समर्पित करते रहने की परंपरागत भूमिका को भी सहृदय निर्वाहित करता आ रहा है। राठौर समाज कस्बा ने अपनी निर्विवाद, निष्पक्ष, निष्कलंक छवि को स्थापित रख पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ, जुझारू, कर्मठ, समर्पित समाजसेवी आदरणीय आत्माराम राठौर के सुपुत्र अशोक राठौर (रंगीला) को सर्वसम्मति से निर्विरोध राठौर समाज कस्बा सीहोर का अध्यक्ष मनोनित किया है। उनके मनोनय पर पूर्व अध्यक्ष आत्माराम राठौर, मांगीलाल राठौर, शिवप्रसाद राठौर, घासीराम राठौर, रमेश राठौर, धर्मेंद्र राठौर, मोहनलाल कपिल ट्राली ऑटो पार्ट्स, पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर, नपाध्यक्ष अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, विवेक राठौर, महेंद्र राठौर, हरि प्रसाद राठौर, हरिनारायण, लखन राठौर, हुकुम सिंह राठौर गोलू राठौर, हरीश राठौर, राकेश राठौर, महेन्द्र राठौर, प्रहलाद सिंह राठौर, मिश्रीलाल राठौर, महेश राठौर, बद्री प्रसाद राठौर, रामचरण मास्साब, बाबूलाल, डालचंद, आलेख राज, प्रशांत राठौर, बृजमोहन, बलराज, अनोखी लाल, विजय राठौर कुबेरभंडारी गेस्ट हाउस, मनीष, रवि, मुकेश, महेश पप्पू, राजू , विनोद ने बधाई दी है।

# संतों के सान्निध्य में निकलेगी 23वीं श्री शिव पालकी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति, सीहोर द्वारा विगत 22 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही श्री शिव पालकी यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन रतलामी स्वीट्स स्थित प्रांगण में किया गया। बैठक की शुरुआत सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ जी की आरती के साथ की गई।

यह यात्रा सनातन धर्म का एक अद्भुत संजोग बनने जा रही है जिसमें स्वयं बाबा महाकाल की कृपा एवं सिद्धपुर नगर में विराजमान त्रिवेणी बाबा कुबरेश्वर महादेव बाबा सिद्धेश्वर महादेव और बाबा केदारेश्वर महादेव का त्रिवेणी संगम ,व होगा हरि हर का मिलन एवं संपूर्ण सनातनी हिंदू समाज की समरसता एकता का होगा का अद्भुत संयोग

बैठक में अनेकानेक मंदिरों के जीर्णोद्धार कर्ता श्री श्री 108 धर्म रक्षक संत पं. दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के पावन सान्निध्य में चर्चा संपन्न हुई। समिति के संस्थापक किशोर कौशल की अध्यक्षता में, निवर्तमान अध्यक्ष प्रवीण तिवारी द्वारा आगामी वर्ष की यात्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन हेतु प्रख्यात कथावाचक पं. मोहितराम पाठक जी का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इस वर्ष श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम समिति एवं श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह पावन यात्रा निकाली जाएगी। शिव भक्ति, सांस्कृतिक एकता एवं नगर के आध्यात्मिक वातावरण को समर्पित यह दिव्य यात्रा दिनांक 28 जुलाई 2025 को तृतीय सावन सोमवार के अवसर पर सीहोर नगर में भव्यता के साथ निकाली जाएगी। इस बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्यों में किशोर कौशल, शंकर प्रजापति, प्रदीप चौहान, सुरेश वशिष्ठ, पप्पू धाड़ी, सुभाष शर्मा, अजय जैन, दीपक शर्मा, अखिलेश चौरसिया, अजय तिवारी, मनोज जैन, सुनील दुबे, नरेन्द्र राजपूत, आशीष गहलोत, विपुल चाड़ंक, नंदकिशोर राठौर, जितेन्द्र तिवारी, गोपाल कालरा, शैलेन्द्र राय, राजेश मोहन शर्मा, महेश पारिख, अनिल शर्मा, दीदी प्रेमलता राठौर, नरेंद्र शर्मा, श्री शंकरलाल शर्मा, अशोक चौहान, शैलेन्द्र चंदेल, बृजेश पाराशर, तुलसीराम परमार, सुरेश शर्मा, ऋषिराज शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, सतीश शर्मा आदि गणमान्य लोग सम्मिलित रहे।

## महेश राठौर को किया सम्मानित



**इछावर।** पिछले दिन नवोदित कला मंच एवं जन परिषद सीहोर द्वारा पीजी कॉलेज सीहोर प्रांगण में शिक्षा दूत 31वां प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इछावर जनपद शिक्षा केन्द्र के जनशिक्षक एवं मिडिल स्कूल लसूड़िया कांगर में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक महेश राठौर को शील्ड व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राठौर का सम्मान प्रधानमंत्री पोषण शक्ति का निर्माण, जन सहयोग, कूड़ा प्रबंधन , पौषण वाटिका , स्कूल भवन की बेहतर भौतिक संरचना सहित शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में 31वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# नवोदित कला मंच ने किया सामाजिक विभूतियों सहित मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था नवोदित कला मंच सीहोर एवं जन परिषद सीहोर के तत्वावधान में 31 वां प्रतिभा सम्मान समारोह प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर के सभा हाल में आयोजित कर शहर की सामाजिक विभूतियों एवं मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

संस्थापक सुरेश जायसवाल ने बताया कि इस विशाल 31 वां प्रतिभा सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका अरूणा राय, अध्यक्षता प्रधान मंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहितश्व कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि नूतन स्कूल के संचालक सुरेश त्यागी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक संजय आरज़ू वडोतवी, वरिष्ठ गीतकार सुदामा दुबे, जन परिषद के प्रदेश सचिव पत्रकार अब्दुल रऊफ खान लाला सारस्वत अतिथि कवयित्री साक्षी जैन, ग़ज़लकार सुरेश अजनबी, कवि विक्रम सिंह यादव रहे। सर्व प्रथम अतिथियो द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चना कर दीप जलाकर कार्यक्रम का आगाज किया।

सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्वागत नृत्य, राष्ट्रगान, राष्ट्र गीत संगीतिका संगीत महाविद्यालय एवं सरस्वती कत्थक डांस कला केन्द्र के कलाकारों ने मांगी लाल ठाकुर एवं डॉ रुपाली सोनी नेतृत्व में निहारिका गुप्ता ने गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को बुलंदियों पर पहुंचाया। अध्यक्ष डॉ अनीस खान ने बताया कि 31वां सम्मान समारोह में विशिष्ट नागरिक सम्मान डॉ एल एन नामदेव, सिद्धपुर गौरव सम्मान, राजेश काशिव, संगीत विद सम्मान स्व.पं.वासूदेव भिक्षा (मरणोपरांत), सीमा प्रहरी सम्मान सूबेदार संजय कुलकर्णी, संगीत विद सम्मान अकिल अहमद कुरैशी, साहित्य विद् सम्मान डॉ अरुण श्रीवास्तव, शिक्षा विद सम्मान सृष्टि जायसवाल एवं अनम सिद्धीकी, जीवन रक्षक सम्मान श्लोक शिवहरे, प्रेरणा विद् सम्मान प्रभात मेवाड़ा एवं सोनिका जायसवाल, नगर गौरव सम्मान डॉ रुपाली सोनी एवं योगिता परमार सेवा विद सम्मान पार्षद नरेन्द्र राजपूत, पत्रकारिता विद् सम्मान पंकज पंजवानी,सुर विद सम्मान अंजलि सोनी, ताल विद सम्मान पार्मी पाहुजा,विशेष सम्मान डॉ एस सी हुरमाडे कलचुरि गौरव सम्मान रिदिमा चोकसे, निधि राय, हिमांशी राय, अक्षत जायसवाल सहित कक्षा १२वीं तथा प्रदेश मेरिट सूची में द्वितीय स्थान पर पार्थ राठौर 96.6 प्रतिशत तथा कक्षा 10 वीं में प्रदेश मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अवनी वर्मा सहित 90 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ गगन नामदेव, डॉ एस सी हुरमाडे, नवीन सोनी, कमलेश शर्मा, डॉ मंगलेश जायसवाल,राम दास साहू, डॉ महेश शर्मा, हीरालाल जायसवाल, सुरेश श्रीवास्तव, संदीप मेवाड़ा एवं कार्यक्रम का सफल संचालन कर डॉ विजेंद्र जायसवाल ने नवोदित कला मंच सीहोर को ऊंचाई प्रदान की।

# नपाध्यक्ष ने मांझी समाज के विशिष्ट जनों और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




हनुमान फाटक इलाई माता मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के मुख्य अतिथिय और भाजपा नेता पंकज गुप्ता की उपस्थिति में मांझी समाज के विशिष्ट जनों और प्रतिभाशाली छत्र-छात्राओं को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मांझी आदिवासी समाज संघ माझी पंचायत द्वारा निषाद चौक से मांझी समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश रैकवार मनोहर रैकवार बाबा,बल्ली रायकवार एवं गोविंदा रायकवार उमाशंकर अमर नारोयां के मार्गदर्शन में विशाल वाहन रैली निकल गई। निशान रैली का समापन इलाई माता मंदिर परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में संतोष रायकवार, विजय रायकवार, योगेश रायकवार, राम बाथम, शंकर रायकवार संन्नी रायकवार, सुरेश पंडा, मधु रायकवार, मनोज बाथम, राजेश माझी, गुलाब सिंह रायकवार,लक्ष्मण सिंह रायकवार, आर.डी नाविक, गेंदालाल रायकवार, दीपक बाथम, दीपक माझी ,पवन केवट, जितेंद्र,महेश, राजू ,प्रकाश, अजय, सागर अनिल ,राकेश, शुभम, हेमंत ,नरेंद्र, गणेश लोकेश खेमू पवन,शुभम, प्रेम, राधेश्याम, विशाल, विक्की, प्रियांशु, शिबू,जयस ,आशीष, अनिल, विनोद, सूरज, बाबूलाल, चंद्रशेखर, आकाश, मोहन, नीरज रायकवार, खेमराज सनी, अशोक,अजय का महत्व पूर्ण सहयोग रहा।

स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग भ्रष्टाचार की चपेट में, बालू की जगह हो रहा गिट्टी की चूरी का उपयोग

# 12 और 18 एमएम सरिए का खेल! ठेकेदार की मनमानी पर कब होगी विभाग की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

स्वास्थ्य विभाग जैसे सरकारी निर्माण में एजेंसी और ठेकेदार मिलकर किस कदर चूना लगा रहे हैं और घटिया निर्माण करने पर आतुर हैं जिन्हें देखने वाला कोई भी नहीं है। ऐसे में यह निर्माण जनता की सेवा ले लिए हो रहा है या फिर जनता के टेक्स में दिए गए पैसों का दुरूप्योग करने के लिए खुली छूट दे दी है।

लखनवास में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 159 की लागत से बनने वाली बिल्डिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। क्यांकि इस बिल्डिंग में ठेकेदार सहित स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एंजेंसी मिलकर काम को घटिया स्तर का करने का सोच लिया है ऐसे में विभाग के अधिकारी इस घटिया निर्माण की जांच तक नहीं कर पा रहे हैं यह बिडम्बना है।


हरिभूमि -राजगढ़-अशोकनगर भूमि - Page 4
Date 26 Jun 2025

टेंडर ड्राइंग के मानकों से परे हो रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लखनवास का निर्माण

159 लाख की लागत से बन रही बिल्डिंग को ठेकेदार लगा रहा चूना!

जांच हुई तो कई चौकाने वाले तथ्य आएंगे सामने, विभाग इंजीनियर ने दिया जांच का भरोसा

जांच हुई तो सामने आएगी सच्चाई



### बेस में लगा दिया 12 एमएम और ऊपर दिखाने लगा दिया 18 एमएम सरिया

हालात यह है कि ठेकेदार योगेश शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग निर्माण में बेस में तो 12 एमएम के सरियों का उपयोग किया है और जब पिलर बनाने की बारी आई तो उसमें दिखाने के लिए 18 एमएम सरिया का उपयोग किया जा रहा है इससे भ्रम की स्थिती पैदा हो रही है। इसके साथ ही वालू रेत की जगह गिट्टी की चूरी का उपयोग कर सरकारी टेंडर ड्रॉइंग को ही दरकिनार कर दिया है और अपने मनमाने तरीके से निर्माण किया जा रहा है।

### घटिया सीमेंट का किया जा रहा उपयोग

सरकारी निर्माण में ठेकेदार द्वारा जो सीमेंट लगाया जा रहा है वह भी घटिया क्वालिटी का लगाया जा रहा है जिसकी तराई भी समय पर न हो पाना निर्माण की घटिया गुणवत्ता को दर्शाता है।



### इनका कहना है...

घटिया निर्माण के बारे में जब ठेकेदार से पूछा गया तो वह अपनी सफाई में इतना कह पाए कि मैं आपको थोड़ी देर में फोन करता हूं।

**योगेश शुक्ला, ठेकेदार**

लोहे को लेकर यदि शिकायत है तो इसकी जांच करवाना बेहद जरूरी है।

**दिलकश खान, इंजीनियर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़**

फल और सब्जी के ठेलों को पहुंचाया स्टेडियम ग्राउंड

# मुनादी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर सीएमओ ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर परिषद द्वारा अनाउंसमेंट कराकर अतिक्रमणकर्ताओं को शुक्रवार की शाम तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद कुछ दुकानदारों ने स्वयं के अपना अपना अतिक्रमण हटा लिया।

शनिवार को जिन जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा ने नपा कर्मियों की टीम के साथ हटीले हनुमान मंदिर छापीहेड़ा नाका से अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की गई। जिसमें छापीहेडा नाका के आसपास लग रहे फल फ्रूट और सब्जी के ठेले को रोड से हटाकर व्यवस्थित रूप से स्टेडियम ग्राउंड मस्जिद रोड पर लगाया गया। वहीं विद्युत मंडल के सामने पानी पतासे सहित अन्य हाथ ठेला को वहां से हटाते हुए दुर्गा मंदिर के सामने वाली गली एवं स्टेडियम के सामने खिलचीपुर नाका जाने वाले गली में व्यवस्थित रूप से लगाए गए। नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण की वजह से यातायात में आ रही बाधा को दुरुस्त करने उद्देश्य से रोड किनारे लगे टीनशेड तिरपाल व दुकानों के बाहर रखा अन्य सामान भी हटाया जा रहा है। परिषद टीम ने सोसाइटी के सामने की कुछ अस्थाई दुकानों का अतिक्रमण भी हटाया है। नगर के इंदर चौराहा विश्राम गृह एवं बुधवारिया बाजार रोड़ पर जो भी अतिक्रमण है उनको हटाया जाएगा। अगर किसी ने अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 45 ग्राम स्मैक व बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

पाड़ल्या रोड़, पीर मिट्ठे की दरगाह के पास सारंगपुर में एक व्यक्ति से अवैध मादक पदार्थ जप्त किया है। उक्त कार्यवाही में उनि मनोहर सिंह, नवीन राजपूत, श्याम शर्मा, राजकिशोर गुर्जर पाडल्या रोड़ सारंगपुर पहुंचे जहाँ आरोपी नानूराम पिता शंकरलाल निवासी मऊआ खो थाना इकलेरा जिला झालावाड राजस्थान से 45 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमत 1,35,000 एवं एक मोटर साइकिल कीमती 40,000 जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 411/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शासन की योजना का लाभ

# शासकीय सामुदायिक भवन में भरे लहसुन और प्याज




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद, विधायक, राज्य सभा सहित शासन के विभिन्न मदों से ग्रामीण जनता के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाता है ताकि वर्षा सहित अन्य मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले सामूहिक कार्य के लिए भवन का उपयोग हो सके। गांव में किसी भी प्रकार का आयोजन करने के लिए सामुदायिक भवन पर ही ग्रामीण जनता निर्भर रहती है। उद्देश्य भी सामुदायिक भवन का यही है शासन की मंशा भी यही है,जन प्रतिनिधि सामुदायिक भवन के लोकार्पण के दौरान बड़े बड़े भाषण देते हैं कि यह भवन आपके पारिवारिक कार्यों के लिए उपयोग होगा,लोकार्पण के बाद भवन संबंधित ग्राम पंचायत को सौंप दिया जाता है। उक्त भवनों की देखरेख का जिम्मा ग्राम पंचायत सचिव का होता हैं किंतु अक्षर देखने में आया है कि ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक भवन ग्रामीणों के लिए कम रसूखदारों के लिए ज्यादा उपयोग हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत आमगढ़ा में देखने को मिला गांव के ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे गांव में सरपंच ने सामुदायिक भवन तो बनाए लेकिन उन पर निजी व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा है, एक भवन में लहसुन भरी हुई है तो एक में प्याज भरा हुआ है। इस संबंध में ग्राम सचिव से बात की तो उन्होंने कहा कि मैने नोटिस जारी किया है। जल्द सामुदायिक भवन खाली हो जाएगा।

पौधरोपण सहित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए बैठक आयोजित

# वृहद पौधारोपण के तहत गायत्री परिवार सदस्य रौपेंगे 10 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



अखिल भारतीय गायत्री परिवार की राजगढ़ शाखा द्वारा गत दिवस जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी तीन माह में वृहद वृक्षारोपण के तहत जिले में करीब 10 हजार से अधिक पौधों को रोपने, नशामुक्ति जागरण, नारी जागरण, घर-घर गायत्री यज्ञ को लेकर रूपरेखा बनाते हुए कार्यकर्ताओं का मानस उक्त कार्यों हेतु तैयार किया गया।

इस बैठक में जिले के समस्त प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल, युवा प्रकोष्ठ, ट्रस्टीगण, सक्रिय सदस्य सहित गुना उपजोन प्रभारी महेश केवट एवं जिला समन्वयक ओ.पी. पंवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के तहत 10 हजार पौधों को रौपना और उनके पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने इत्यादि के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इसके साथ ही घर-घर गायत्री यज्ञ आयोजित करवाने, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के तहत समाज के युवाओं को संस्कारित करने हेतु एक आंदोलन की तरह कार्य करने का उद्धेश्य निर्धारित किया गया। इसके साथ ही नशे के सेवन की ओर बढ़ रही युवा पीढ़ी को नशामुक्ति की ओर ले जाने हेतु भी बैठक के दौरान योजना बनाई गई। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी अनिल शर्मा, प्रताप सिंह सिसोदिया, स्वभाव आचार्य, रमेशचंद्र गुप्ता सहित गायत्री परिवार के सदस्य उपसस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर जानोरिया ने किया।

# राहुल बना बने करणी सेना के जिला सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती शीला सुखदेव सिंह गोगामेडी एवं प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान प्रदेश संगठन मंत्री ठाकुर जसवंतसिंह रुनजी ठा भूपेंद्र सिंह खींची संभाग अध्यक्ष भोपाल राजगढ़ जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अरनिया एवं समस्त टीम की अनुशंसा पर कुंवर राहुल सिंह ठिकाना कालिया खेड़ी को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है आशा करते हैं कि आप समाज को एवं हिंदुत्व को एक अच्छी दिशा प्रदान करेंगे इस अवसर संगठन सहित इष्ट मित्रो ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

घोषित कटौती के अलावा भी हर कभी काट दी जाती है बिजली


# मेंटेनेंस के नाम पर राजगढ़ में आए दिन कटौती, नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बरसात के पूर्व राजगढ़ नगर में अमूमन हर हफ्ते घंटों तक मेंटेनेंस कार्य करवाया जा चुका है। इसके बावजूद यह मेंटेनेंस कार्य लगातार जारी है।

नगर के कई वार्डों और मोहल्लों में घोषित मेंटेनेंस के अलावा भी कई-कई घंटों तक विद्युत सप्लाई बाधित रहने लगी जिससे आम नागरिकों में कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है। रविवार को एक बार फिर से कंपनी द्वारा सुबह 11 बजे से करीब 1 बजे तक मेंटेनेंस के नाम पर पूरे नगर की बिजली बंद कर दी गई। हालांकि, कंपनी द्वारा उक्त विद्युत प्रदाय बाधित किए जाने के संबंध में पूर्व सूचना दे दी गई थी लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व के सालों की अपेक्षा इस साल ज्यादा ही कटौती की जा रही है। घोषित कटौती के अलावा भी विभिन्न स्थानों की बिजली कभी भी काट दी जाती है जिसे सुधारने कंपनी के लाइन कर्मचारी काफी समय तक मौके पर नहीं पहुंचते।

### कई शिकायतें लंबित, नहीं दिया जा रहा ध्यान



राजगढ़ शहर वितरण केंद्र की बात करें तो यहां कई उपभोक्ताओं की बढ़े हुए बिजली बिलों, गलत मीटर रीडिंग, खपत से अधिक बिल आने, विद्युत पोलों के आढ़े-टेढ़े होने सहित अन्य प्रकार की अनेकों शिकायतें लंबित पड़ी हुई हैं। लेकिन, विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों लंबित शिकायतों का कोई निराकरण नहीं करवाया जा रहा है।

# युग धारा बाल शिक्षण समिति की वार्षिक बैठक आयोजित

**सारंगपुर।** शनिवार को स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सारंगपुर की संचालन समिति युगधारा बाल शिक्षण समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया एवं नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रांतीय सह सचिव चंद्रकांत त्रिपाठी, प्रांतीय सदस्य ओमप्रकाश राठी तथा राजगढ़ विभाग समन्वयक गुरु चरण गौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना हुई उसके पश्चात विद्यालय प्राचार्य चैन सिंह बन्नासिया ने समिति एवं विद्यालय का वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति किया गया ।नवीन कार्य करने में अध्यक्ष



ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, सचिव अशोक साहू, कोषाध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला, सहसचिव दिलीप परमार, उपाध्यक्ष आत्माराम पाटीदार चुने गए। अनिल बकरिया, हरिसिंह सोलंकी, रेणु वंशकार, श्याम चौहान, रामबाबू नारोलिया,संतोष पुष्पद, कमल राठौर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# ई-अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

प्रदेश में शिक्षकों पर लागू की जा रही ई अटेंडेंस व्यवस्था के खिलाफ शनिवार को शिक्षक एकजुट हो गए। सारंगपुर विकासखंड के सैकड़ों शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सारंगपुर तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां अनुविभागीय अधिकारी के स्टेनो महेंद्र जोनवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने ई अटेंडेंस को अव्यावहारिक और अमानवीय बताया। इसे लागू नहीं करने की मांग की। शिक्षकों ने कहा, पहले भी इस व्यवस्था को लागू करने की कोशिश हुई थी। तब विरोध के चलते इसे बंद करना पड़ा था। अब फिर से इसे लागू किया जा रहा है, जो गलत है। शिक्षकों ने कहा कि इस व्यवस्था से शिक्षक समाज की छवि खराब करने की कोशिश हो रही है। यह अपमानजनक है। शिक्षक जैसे पवित्र कार्य से जुड़े लोगों के लिए यह व्यवस्था उचित नहीं है। अगर यह व्यवस्था लागू करना ही है तो प्रदेश के हर विभाग हर अधिकारी पर लागू किया जाएं। ज्ञापन देने वालों में गणेश शर्मा, महेश नागर, मोहनलाल जोशी, संजय नागर, दीपक शर्मा, अशोक पाण्डे, दुर्गा प्रसाद जोशी, गोकुल नागर, रसीद खान प्रेम सिंह सोलंकी, मोहन सिंह भिलाला सहित शिक्षकगण मौजूद थे।

विहिप के अभ्यास वर्ग में कई कार्यकर्ता हुए सम्मिलित

# अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को बताए संगठन के उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग स्थानीय पाटन रोड स्थित अंत्योदय प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में विहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की स्थापना के उद्धेश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1964 में विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना के बाद से जो लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, उनमें से कई लक्ष्य संगठन पूरे कर चुका है। शेष उद्धेश्यों की पूर्ति के कार्यकर्ता लगन के साथ जुटे हुए हैं।

## 10 सत्रों में 66 कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

अभ्यास वर्ग में हुए 10 सत्रों में परिषद के 66 कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। वर्ग प्रमुख एवं विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि परिषद हर साल अपने दायित्ववान कार्यकर्ताओं के लिए इन अभ्यास वर्गों का आयोजन करता है। वर्ग से प्रशिक्षित होकर कार्यकर्ता हिन्दू समाज की एकजुटता, गौरक्षा, धर्मांतरण रोकने, हिन्दू कन्याओं को लव-जिहाद से बचाने के लिए उत्साह से कार्य कर पाते हैं। इन सत्रों में प्रांत सह-संयोजक लोकेंद्र मालवीय, प्रांत सह-प्रचार प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल राठी, प्रांत सहमंत्री गोपाल सोनी, संघ के प्रांतीय अधिकारी लक्ष्मी नारायण, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, सुनील शास्त्री एवं दुर्गा वाहिनी की प्रांत सह-संयोजिका आकांक्षा दुबे का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रिंकू सुनेरी, तरवर पंवार, सुजान गुर्जर, आशीष मेवाड़े, सोनू शर्मा, मयंक जायसवाल, कमल किरार, कमल धाकड़, रामकला तोमर, नंदिनी वैष्णव, बृजकिशोर अनंत, चेतराम गुर्जर, लक्ष्मीनारायण तंवर, उमेश शर्मा, संतोष राणा, राजू मालवीय, वैभव सोनी, बालचंद किरार सहित अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### मरीजों की जान से नहीं करें खिलवाड़: ठाकुर

**जावर।** डॉक्टर के रिश्वत लेने के आरोप के चलते अब जावर में सियासी पारा गर्म हो गया है। एक तरफ जहां बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने डॉ रूचि को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा तो वही दोनों डॉक्टरों ने बीएमओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया और कहा कि दबाव में कार्य नहीं करेंगे। दोनों डाक्टरों ने अस्पताल मे आना भी छोड़ दिया। अब डॉक्टर माथुर का कहना है की उन्होंने डॉ के इस्तीफे स्वीकार नही किये है। लेकिन स्वास्थ केंद्र मे अब मरीजों की तकलीफे बढ़ती जा रही है। वही अब रोगियों को परेशान होता देख ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने भाजपा नेताओं और प्रशासन को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के लगाए गए आरोपो और प्रशासन के ढीले रवैये के चलते अब अस्पताल की व्यवस्था गंभीर स्थिति में आ गई है। गर्भवती महिलाओं को सीधा सोनकच्छ और देवास भेजा जा रहा है। जिससे कि महिलाओं और बच्चों की जान खतरे में पढ़ रही है। ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन को सख्त तेवर में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस पूरे मुद्दे में कोई दोषी है तो उस पर सख्त कार्रवाई करें लेकिन जनता के उपचार का कार्य नहीं रुकना चाहिए नहीं तो कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर जल्द ही कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपेंगे और आंदोलन करेंगे।

### संस्कृत भाषा की अनिवार्यता तथा त्रिभाषा सूत्र के संरक्षण के लिए दिया ज्ञापन

# व्यावसायिक शिक्षा के भाषाओं के विकल्प में जोड़ने से शिक्षकों में भी बढ़ने लगा वैमनस्य

**संस्कृतभारती सीहोर, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तथा प्रांतीय शिक्षक संघ व संस्कृत शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दिया ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



संस्कृत भाषा की अनिवार्यता को लेकर संस्कृत भारती मध्यभारत सीहोर समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत को दिया जिसमें संस्कृत शिक्षक व प्रांतीय शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों ने ज्ञापन के माध्यम से वास्तविकता व्यक्त कर समाधान का आग्रह किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा के विकल्प में चयन का प्रावधान होने से लगातार त्रिभाषा सूत्र का हनन हो रहा है और जिसका संस्कृत भाषा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संस्कृत भाषा पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। वही 11वीं में पांच विषय होने के कारण और और फाउंडेशन कोर्स में भी ट्रेड विषयों के होने तथा संस्कृत के एडिशनल में नहीं होने के कारण संस्कृत पढ़ने की इच्छा रखने वाले छात्रों को भी विवश होकर के संस्कृत को छोड़ना पड़ रहा है। उसके सन्दर्भ में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम संयुक्त कलेक्टर, सीहोर, श्रीआनन्द सिंह राजावत को ज्ञापन दिया गया कि संस्कृत भाषा प्राचीन और वैज्ञानिकी तो है ही साथ ही मानव मूल्यों को विकसित करने वाली भाषा भी है अतः अपराध मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए संस्कृत भाषा के महत्व को समझते हुए उसे पुनः अनिवार्यता प्रदान करने की महती आवश्यकता है। यह दायित्व प्रदेश सरकार के साथ साथ छात्र-छात्राओं के माता-पिता का भी है कि वे समाज में बढ़ती विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को परिवार के अनुकूल संस्कारित करने के लिए संस्कृत अवश्य पढाएँ। यह चिन्तनीय है कि व्यावसायिक शिक्षा के भाषाओं के विकल्प में जोड़ने से अब शिक्षकों में भी शनैः शनैः वैमनस्य बढ़ने की समस्या दृष्टिगोचर होने लगी है। वही जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर को भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में अशोक वर्मा, राकेश सिंह ठाकुर, संजय सक्सेना, सुरेंद्र यादव, नरेश मेवाडा, लखन महेश्वरी , धर्मेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, विष्णु प्रसाद परमार, गेंद राज विश्वकर्मा, बद्री प्रसाद वर्मा, चंद्र प्रकाश वर्मा आशीष शर्मा ,जगदीश प्रसाद वर्मा ,आत्माराम बामनिया गोपाल कृष्ण त्यागी ,अनिल गंगवार, गौशाली राठौर , नीतू राठोर , मोना पंवार , घनश्याम कुशवाहा ,सचिन शर्मा ,आनंद चंदेल ,राजेंद्र परमार , चंद्रशेखर वर्मा ,नवीन शर्मा ,भगवान परमार संतोष शर्मा ,कमल वर्मा, आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अग्रवाल महिला मंडल की निर्विरोध अध्यक्ष बनी पूर्व नपाध्यक्ष रूकमणी रोहिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अग्रवाल समाज सीहोर की महिलाओं के प्रतिनिधित्व की सहयोगी एवं अग्रणी संस्था अग्रवाल महिला मण्डल के चुनाव सर्वसहमति से रविवार को भगवान अग्रसेन जी की जयघोष के साथ अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल प्रबंध समिति की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। जिसमें उपस्थित महिलाओं ने सर्वसहमति से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूकमणी रोहिला को महिला मण्डल का अध्यक्ष चुना। साथ ही अन्य पदों पर उपाध्यक्ष प्रेमलता रूठिया, कोषाध्यक्ष संध्या मोदी, सचिव मोहिनी अग्रवाल, सह सचिव ज्योति मोदी, कार्यकारिणी सदस्यों में मीना जयपुरिया, अंजु अग्रवाल, ज्योति रूठिया, ऊषा अग्रवाल, ज्योति जयपुरिया, हेमा अग्रवाल, मंजु भर्तिया को शामिल किया गया। पदाधिकारियों को उपस्थित महिलाओं ने पुष्पमाला पहनकाकर स्वागत किया एवं बधाई दी। इस अवसर पर अग्रवाल प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष निलेश जयपुरिया, गोविन्द मित्तल, विष्ण दयाल भर्तिया, कमलेश अग्रवाल, अमित अग्राल, भरत अग्रवाल, हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता आदि ने पुष्पगुच्छ भेट कर सफल कार्यकाल के लिये शुभकामनाऐं प्रेषित की।

### संयुक्त आयुक्त ने किया निरीक्षण



**कोठरी।** डॉ लक्ष्मी दुबे संयुक्त आयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय जल गंगा अभियान हेतु सीहोर जिले की नोडल अधिकारी द्वारा जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित की गई जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत गवाखेड़ा, मंगलपुर की आंगनबाड़ी कर्मचारीयो, स्कूल कर्मचारी की समस्याओं को सुनकर आवश्यक समझाइस दी। इस अवसर पर सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर, सचिव नीरज प्रजापति, सहायक यंत्री महेंद्र तिवारी, उपयंत्री अनिल खरे व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महिलाओं ने रोका राजस्व मंत्री का काफिला



**सीहोर।** मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को अपनी ही इछावर विधानसभा में ग्रामीण महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ गया। बताया जा रहा है कि आक्रोशित महिलाओं ने राजस्व मंत्री के काफिल को रोक दिया. आक्रोशित महिलाएं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की गाड़ी के सामने ही आ गईं। जानकारी के अनुसार प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जल संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इछावर विधानसभा के खेरी गांव जा रहे थे। इस बात की भनक लगते आक्रोशित ग्रामीण महिलाएं आ गईं और उनहोंने खेरी से जमली रोड नहीं बनने से नाराज होकर राजस्व मंत्री के गाडिय़ों के काफिले को रोक दिया। नाराज महिलाएं मंत्री वर्मा की गाड़ी के सामने आ गई. आक्रोशित महिलाओं को हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मशक्कत का सामना करना पड़ा।

## टेंट हाउस संगठन ने किया सुरजीत का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश फेडरेशन आफ टेंट हाउस संगठन का प्रदेश स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगठन के द्वारा 50 साल तक इस क्षेत्र में सेवा देने वाले टेंट हाउस संचालक सुरजीत सिंह का सम्मान किया। अध्यक्ष मनोज कन्नोजिया ने बताया कि समारोह के दौरान अनेक विषयों पर चर्चा की गई। समारोह में राजू सरदार राजू पंजाबी सुनील गुप्ता मुकेश चौरसिया शैलेश राठी जितेन कुशवाहा रामचंद्र पटेल चैन सिंह कुशवाहा नंदकिशोर चांदनी एवं समस्त टेंट हाउस लाइट डेकोरेशन इस अवसर पर सुरजीत भाई को बधाई दी यह सम्मान टेंट व्यवसाय में 50 साल पूर्ण होने पर किया गया।

# आईटीआई में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि ट्राइडेंट ह्यूमनिटी फाउंडेशन भारत के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्राइडेंट ग्रुप के अध्यक्ष पद्मश्री राजिंदर गुप्ता व सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है इसी दिशा में सीएसआर इकाई की देखरेख में इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल सेवा का शुभारंभ किया गया मधुबन अस्पताल के सहयोग से प्रारंभ की गई इस योजना मैं वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया गया वहीं बीपी शुगर और हीमोग्लोबिन जांच आवश्यक दवाओं का निशुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मधुबन अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सीऐ हैरिसन, डॉ वर्षा साहू, डॉ रामारिया व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। शिविर में 165 छात्र-छात्राओं ने लाभ उठाया।

# किराना व्यापारी संघ के वार्षिक सम्मेलन में शैलेंद्र मेहता को फिर चुना गया किराना संघ का अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किराना व्यापारी संघ का वार्षिक सम्मेलन उमराव मैरिज गार्डन में संघ के संरक्षक सुशील संचेती के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजित वार्षिक सम्मेलन में किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र मेहता को आगामी दो वर्ष के लिये पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव के पूर्व शैलेन्द्र मेहता ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां से किराना व्यापारी संघ के सभी सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया गया। महासचिव लोकेंद्र धारवा ने आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नवीन कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई । जिसमें शैलेंद्र मेहता को पुनः अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन की प्रक्रिया के पूर्व किराना व्यापारी संघ के संरक्षक सुशील संचेती ने संबोधित करते हुए विगत 2 वर्ष में हुए किराना व्यापारी संघ के कार्यो एवं कार्यक्रमो पर प्रकाश डालते हुए कहां की किराना व्यापारी संघ ने कोविड से लेकर आज तक किराना व्यापारी संघ ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है और कार्य भी किया है। नगर की अनेकों व्यापारी संगठन है,उसमे किराना व्यापारी संघ अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस अवसर पर सभी किराना व्यापारी संघ के सदस्यो ने सर्वसम्मति से शैलेंद्र मेहता को आगामी दो वर्षो के लिए किराना व्यापारी संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया। अंत में आभार महासचिव लोकेन्द्र धारवा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर किराना व्यापारी संघ के संरक्षक राजेंद्र जैन, पंकज राठी, मुकेश गुलवानी संजय पोरवाल, श्रीपाल जैन, हरिनारायण पटेल, संजय सिंगी, हुंदल मोटवानी आदि वरिष्ठ व्यापारी मंचासीन थे। आयोजित वार्षिक सम्मेलन में संघ के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को क्षेत्र के इतिहासकार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाठक,व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर,पंकज राठी,सुमित मेहता,चेतन छाजेड़ सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं समाजसेवियों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# भागवत कथा में भगवान की लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत 20 वर्षों से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव अलीपुर जगदीश मंदिर से आनंद धाम बुधवारा स्तिथ मौसी के घर पहुचने का सिलसिला सतत जारी है। भगवान की रथयात्रा निकली। भगवान जगन्नाथ जी अपनी मौसी के घर पहुचे। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्माधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी आनंद धाम बुधवारा पर भगवान जगन्नाथ जी रथयात्रा के साथ अपनी मौसी के घर आनन्द धाम पधारे हैं।

भगवान के पधारने पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजित किया गया है। कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा ने ध्रुव की भगवान विष्णु पर अटूट भक्ति, श्रद्धा एवं की गई कठिन तपस्या, भक्त पहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 24 अवतार, सृष्टि का वर्णन, नवधा भक्ति, सुखदेव जी और परीक्षित का मिलन विषयो को लेकर भक्तों को विस्तार से जानकारी दी।

आनन्द धाम पर भागवत जी 28 जून से 4 जुलाई तक दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी । पंडित भवानी शंकर शर्मा परिवार ने सभी भागवत प्रेमियों,भक्तगणों से अपील की है कि आप सभी भक्तगण सापरिवार सादर आमंत्रित है। आज तृतीय दिन भागवत कथा में मोहन मेवाड़ा, क्षमा मेडम,राधेश्याम नायक, राधा महेंद्र शर्मा, मुकेश ताम्रकार, गजेंद्र शर्मा, शिव श्री वादी, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, पंडित भवानी शंकर शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा,चंचु ताम्रकार, मेघा मुन मुन, गोपाल सोनी, देव शर्मा, बृजमोहन सोनी, दीपेश भूतिया, किशोर तिवारी, माधुरी ज्ञानेंद्र मुदगल सहित सभी महिला मंडल एवं सभी भक्तगणों द्वारा कथा का श्रवण किया गया।

### संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर मुनिराज का 58वां दीक्षा महोत्सव धूमधाम से मनाया

# भक्ति भाव से अभिषेक शांति धारा कर किया आचार्य छत्तीसी विधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दुनिया में भगवान से बड़ा कोई नहीं। हर व्यक्ति दुःख नहीं चाहता हैं और सुखी होना चाहता हैं।दुःख से उभरना है और सुखी होना चाहते हैं तो मुनि अवस्था धारण करें।सिद्ध अवस्था मुनि दीक्षा के बाद ही मिलती है।आज हम कहां जा रहे हैं और कहा जाना है, हमें अपनी दिशा और लक्ष्य को निर्धारित करना है। दीक्षा दिवस मनाना और गुणगान करना ही पर्याप्त नहीं है,आचार्य श्री के बताए मार्ग पर अग्रसर हो।

आचार्य श्री विद्यासागर मुनिराज का दक्षिण में जन्म और राजस्थान में दीक्षा ली। आचार्य के संयम की सुगंध आष्टा और शुजालपुर में आई। मध्यप्रदेश को अपनी संयम ,तपस्या से आचार्यश्री ने सींचा। आचार्य शांति सागर मुनिराज ने एक दीक्षा विद्याधर को दी, वहीं पर्याप्त हो गई।दुःख से छूटना चाहते हैं तो संयम धारण करें।संयम से आदमी भगवान होता है। अच्छा काम में सलाह कपड़े वालों से नहीं संतों से लेवें। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य पाठशाला प्रणेता मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने आचार्य विद्यासागर मुनिराज के 58 वें दीक्षा महोत्सव पर आशीष वचन देते हुए कही। श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज सहित सभी जिनालयों में भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा कर आचार्य विद्यासागर मुनिराज का अर्ध्य भक्ति भाव से चढ़ाया। मुनिश्री ने कहां कोई तारीख या तिथि से गुरु की दीक्षा महोत्सव मनाते हैं। पहली बार 30 जून और आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि भी आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की दीक्षा की आई है। आष्टा को लाभ मिला है। आचार्य भगवंत विद्यासागर जी के जन्म एवं दीक्षा पर मुनिश्री ने प्रकाश डाला।उपाध्याय और आचार्य परमेष्ठि को नमस्कार तथा साधु परमेष्ठि को बारंबार नमस्कार करते हैं। मेरा चातुर्मास आष्टा या शुजालपुर जहां भी गुरुदेव आचार्य समय सागर महाराज की आज्ञानुसार होगा।अगर शुजालपुर में हो तो शुजालपुर को आष्टा बना देवें सभी समाजजन वहां पर आएं, और आष्टा में चातुर्मास हो तो शुजालपुर वाले आष्टा को शुजालपुर बना देवे। मुनिश्री ने कहां संयम से ही कल्याण होगा।केवल्य ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करें।कुंडलपुर में तीन -तीन घंटे वृक्ष के नीचे खड़े रहकर तपस्या आचार्यश्री ने की।आगम में समाधि मरण का उल्लेख है जिसे आचार्य श्री विद्यासागर मुनिराज ने अंगीकार किया।ऐसे आचार्य समय सागर मुनिराज दिए जो तन और मन से एक समान नजर आते हैं। आचार्य विद्यासागर मुनिराज के बताए मार्ग पर चलें और जीव जंतु का ध्यान रखें।आज विद्यासागर जी मुनिराज का 58 वां संयम दिवस है। अहिंसा धर्म का पालन करना चाहिए। होटलों और फास्ट फूड नहीं खाएं।प्रधानमंत्री को सलाह देने वाले विद्यासागर मुनिराज बच्चों का भी ध्यान रखते थे। मनोयोग और कार्ययोग से धार्मिक कार्यों को करते रहे। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से मुनिश्री निर्णय सागर जी ने कहा जिनवाणी से अंतिम सांस तक नाता मत तोड़ना।

कभी भी प्रमाद न करें और न ही अप्रभावन करें ,यही प्रभावना है।मुनिश्री के पाग प्रक्षालन के लाभार्थी ऋषभ कुमार जैन बजरंग कालोनी एवं मनीष कुमार सुमतलाल जैन साक्षी रहे। ब्रह्मचारी विमल भैय्या इंदौर ने आचार्य छत्तीसी विधान कराते हुए कहा सच्चे देव,शास्त्र और गुरु मिलने के बाद भी इधर-उधर भटक रहे हैं।आज व्यक्ति पड़ोसी के सुख से दुखी हैं।पुण्य की क्रिया को टालना नहीं चाहिए तत्काल करना चाहिए,पाप के कार्य में व्यक्ति देरी नहीं करता है। आचार्यश्री समता भाव रखते थे। आचार्य विद्यासागर मुनिराज के संयम दिवस पर संयम व्रत धारण करें। खाने से शक्ति नहीं त्याग से शक्ति आती है। आचार्य श्री ने बहुत वस्तुओं का त्याग करके अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण किया।

# मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्यामपुर एवं अहमदपुर द्वारा राजपाल के नाम का ज्ञापन धनजी मालवीय नायब तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कीमध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर राजनीतिक राग द्वेष की भावना से अशोक नगर में जो एफ आईआरदर्ज की गई है उसकी जांच करवा कर, निरस्त की जाए और दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, अहमदपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवी सिंह तंवर, प्रकाश ठाकुर धनराज पाटीदार मंसाराम अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, राकेश वर्मा, वीर सिंह दांगी, अरुण मेवाड़ा, रमेश पाटीदार, हिंदू सिंह सोलंकी, मोहनलाल तंवर, उदल सिंह, मुकेश सहित श्यामपुर ब्लॉक कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।